तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 जून 2024

10 कोंडागांव में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता ....


10 निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को घूमर ....




## खबर संक्षेप



### नगरनार स्टील प्लांट में फेक किडनेपिंग, कॉल डाइवर्ट फ्रॉड की दी गई जानकारी

जगदलपुर। सायबर फ्रॉड व अपराधों की जानकारी देने बस्तर पुलिस द्वारा नगरनार स्टील प्लांट में सेमिनार का आयोजन किया गया था। सेमिनार का उद्देश्य लोगों को होने वाले फ्रॉड व बचाव की जानकारी देना था। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि वर्तमान में लगभग प्रतिदिन फ्रॉड के अलग अलग मामले सामने आ रहे है। इसे देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में साइबर अपराधों के रोकथाम व लोगो की जागरूक करने के लिए बस्तर पुलिस द्वारा नगरनार स्टील प्लांट में सेमिनार का आयोजन किया गया था। सेमिनार में डीएसपी गीतिका साहू द्वारा वर्तमान समय में ट्रेडिंग फ्रॉड, फेक किडनेपिंग फ्रॉड, सेक्सटॉरशन, कॉल डाइवर्ट फ्रॉड के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर साइबर फ्रॉड से सम्बंधित जानकारी शेयर करने कहा गया। प्लांट के अधिकारी व कर्मचारियों को बताया गया कि बैंक अकाउंट और सोशल मीडिया ऐप कैसे सुरक्षित रख कर उपयोग किया जाए। वहीं साइबर फ्रॉड होने पर 1930 या नजदीकी थाने में या साइबर सेल में रिपोर्ट करने कहा गया। सेमिनार में मौजूद लोगों से साइबर फ्रॉड की जानकारी के लिए बस्तर पुलिस की सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टा, ट्विटर से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया! कार्यक्रम में निरीक्षक गौरव तिवारी, निरीक्षक टामेश चौहान, थाना प्रभारी नगरनार समेत नगरनार स्टील प्लांट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### ठेकाकर्मियों को 3 माह से वेतन नहीं



जगदलपुर। एफओसी में ठेका कर्मचारी को कंपनी के अंतर्गत कार्यरत है, जिसमें पिछले तीन माह से वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। जिससे अपने निजी जीवनयापन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ-साथ ड्यूटी आने तक के लिए आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सभी ठेका कर्मियों को तीन माह का वेतन शीघ्र भुगतान करवाने की मांग की। उक्त कर्मियों ने इसके लिए मुख्य अभियंता को बुधवार को ज्ञापन दिया।

### बुलडोजर में चढ़कर नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत रहा आकर्षण का केंद्र



जगदलपुर। बस्तर लोकसभा में जीत का परचम लहराने वाले विश्व हिंदू परिषद के पूर्व कार्यकर्ता वा माटी पुत्र महेश कश्यप का जोरदार स्वागत किया गया। चुनाव परिणाम अधिकारिक रूप से घोषित होने के बाद मंत्री केदार कश्यप, रूपसिंग मंडावी, संजय पांडे, श्रीनिवास राव मद्दी समेत भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ पैदल मार्च करते हुए अभूतपूर्व स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान अपने नवनिर्वाचित सांसद के स्वागत में जगह-जगह पुष्पवर्षा व आतिशबाजी के साथ शहर भ्रमण किया गया। उनके स्वागत के लिए काम जन के साथ कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हरी साहू द्वारा बुलडोजर में चढ़कर उनका स्वागत पीजी ⏭ शेष पेज 10 पर

### विश्व पर्यावरण दिवस : इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने किया पौधारोपण

# ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं व कार्बन उत्सर्जित करने वाले उपकरणों से बचें, नदी के किनारे रोपे अर्जुन के 200 पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों द्वारा बालीकोंटा में इंद्रावती नदी किनारे अर्जुन के 200 से अधिक पौधे रोपे गए। इस मौके पर अभियान के संयोजक पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने कहा कि इस वर्ष की गर्मी ने अपनी तपिस से सभी को हलकान किया। इतनी परेशानी को झेलने के बाद भी अगर हम पर्यावरण के प्रति गंभीर नहीं हुए तो आने वाली दिनों की गर्मी मानव जीवन के लिए गंभीर परिणाम लेकर आएगी। बेहतर है ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं कार्बन उत्सर्जित करने वाले उपकरणों से बचें।

- सीवरेज ट्रेड प्लान ट्रीटमेंट प्लांट में भी 45 फलदार पौधों का रोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा पौधों रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस तारतम्य में इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों ने नगर निगम के आयुक्त हरीश मंडावी ⏭ शेष पेज 10 पर



### 45 फलदार पौधों का भी रोपण

एक तरफ जहां इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों द्वारा नदी किनारे अर्जुन का पौधा रोपा गया, वहीं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के दर्जनभर कर्मचारियों ने प्लांट परिसर में विभिन्न प्रजाति के 45 फलदार पौधों का भी रोपण किया। कर्मचारियों ने इंद्रावती बचाओ अभियान के सदस्यों को ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कराया। बताया गया कि किस तरह शहर की 9 गंदी नालियों के पानी को यहां लाकर तथा कैसे पूरी तरह स्वच्छ कर उसे इंद्रावती में गिराया जाता है।

### सिर्फ पौधे ना लगाएं उन्हें सहेजें भी : कुलसचिव

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कालीपुर स्थित कैंपस में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव अभिषेक बाजपेयी ने कहा कि सिर्फ पौधे ना लगाएं उन्हें सहेजें भी, उनकी रक्षा भी करें। पौधरोपण का कार्यक्रम ऐसा तय किया जाए कि पौधे के पेड़ बनने तक उसकी रक्षा की जाए। यह सभी का दायित्व होना चाहिए। पर्यावरण सभी के लिए है इसलिए इसमें सभी का ⏭ शेष पेज 10 पर





### पर्यटन क्षेत्र को कचरा मुक्त रखने के लिए किया प्रेरित

कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को कोटमसर और तीरथगढ़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इको विकास समिति के सदस्यों, जिप्सी चालक, जिप्सी गाइड और मैदानी कर्मचारियों को उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंह ने पर्यटन हेतु सस्टेनेबल प्रैक्टिस पर जोर देने और पर्यटन क्षेत्र को कचरा मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया। तीरथगढ़ में इको विकास समिति के सदस्यों, दुकानदारों और मैदानी कर्मचारियों को आसपास के क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त रखने और वेस्ट मैनेजमेंट की प्रक्रिया के बारे में बताया। दुकानदारों द्वारा कचरा मुक्त रखने हेतु एक संगठन तैयार करने का सुझाव दिया, जो सफाई से संबंधित नियम बनाएगा और नियम का पालन करेंगे। इस अवसर पर उद्यान के एसडीओ कमल तिवारी, कोटमसर के रेंजर वी. जैकब, मैदानी कर्मचारी, मैना मित्र और मगरमच्छ मित्र शामिल रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान में लगा रक्तदान शिविर



दुनियाभर में इलाज के दौरान खून की कमी होने की वजह से हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। लेकिन जब कोई इंसान रक्त या प्लाजमा दान करता है तो यह एक जीवन रक्षक उपहार की तरह लोगों की जान बचाने का एक बहुत बड़ा जरिया बन जाता है। रक्तदान करना दूसरों के लिए तो कई तरह से फायदेमंद है ही। यह रक्तदाता की सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होता है। उक्त बातें बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान की ओर से वन विद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने शिविर में रक्तदान किया और कही। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 12 अधिकारी, कर्मचारी, वनपाल प्रशिक्षुओं द्वारा 12 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर उद्यान के एसडीओ कमल तिवारी, सहायक अनुदेशक वन वद्यालय आरएस कुशवाह एवं अधिकारी, कर्मचारी, वनपाल प्रशिक्षु शामिल रहे। वन विद्यालय की संचालक श्रीमती दिव्या गौतम ने कही कि हमारे रक्तदान किए गए रक्तदान से कई लोगों की जिंदगी बचती है। रक्तदान का कितना महत्व है इसका अहसास हमें तब होता है, जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति ⏭ शेष पेज 10 पर

## कवासी लखमा अपने ही गढ़ कोंटा में 3798 वोटों से हारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का भी गृह निवास होने का मिला फायदा

बस्तर लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद जारी हुए आंकड़ों पर गौर किया जाए तो जो तथ्य सामने आता है वो हैरानी करने वाला है। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे और वर्तमान कोंटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक कवासी लखमा अपने ही गढ़ में भाजपा से पिछड़ गए। यहां भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने 3798 वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

ज्ञात हो कि लखमा इस क्षेत्र से छठवीं बार के विधायक हैं। इतना ही नहीं विधायकी के पिछले कार्यकाल में वे उद्योग एवं आबकारी मंत्री के साथ साथ बस्तर संभाग के पांच जिलों के प्रभारी मंत्री भी रहे। बाबजूद इसके उनका खुद के इलाके से ही पिछड़ना लोगों की समझ से परे है। आखिरी राउंड की हुई मतगणना के बाद कवासी लखमा को 31120 वोट मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी भाजपा के महेश कश्यप को 34918 वोट मिले। इस तरह कोंटा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की जीत का अंतर 3798 वोटों का रहा। इस अंतर के पीछे क्षेत्र की राजनीति के जानकारों का मानना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सुकमा इलाके में अच्छी खासी पकड़ है। जिसका असर इस चुनाव में भाजपा को मिली लीड के रूप में सामने आया है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है,कारण बस्तर की सीट पर भाजपा की जीत 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी बैदू राम कश्यप कांग्रेस के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से हार गए थे। जब की इससे पहले 1998 से लेकर 2014 तक यह सीट ⏭ शेष पेज 10 पर

## पाकिस्तानी नबंर से ठगी करने वाले दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महिला से 4.93 लाख की ठगी करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। भानपुरी पुलिस व सायबर सेल की संयुक्त टीम की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुमित कुमार निवासी ग्राम दुसादी पकरी हनूमान नगर थाना पत्रकार नगर जिला पटना बिहार व अनिकेत कुमार निवासी भानपुर खगौल मोरगांव थाना साहसपुर जिला पटना बिहार के निवासी हैं। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, सिम कार्ड, महाराष्ट्र बैंक का पासबुक व अन्य सामान जब्त किया गया है। जिले में टेलीफाड के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश व ⏭ शेष पेज 10 पर

- महिला से कि गई थी 4.93 लाख की ठगी

सांसद का दंतेवाड़ा व गीदम में हुआ जोशीला स्वागत

## नव निर्वाचित सांसद महेश कश्यप आशीर्वाद लेने पहुंचे माता के दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम




बस्तर लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद महेश कश्यप आज बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेने मां के दरबार पहुंचे। गीदम पहुंचने पर नगर पंचायत कार्यालय के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से आतिशबाजी के साथ भगवा गमछा व पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात सांसद महेश कश्यप दंतेवाड़ा पहुंचे। जहां विधायक चैतराम अटामी ने नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत कर बधाई दी और साथ में मां दंतेश्वरी के दरबार दर्शन करने पहुंचे। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि समस्त देवतुल्य कार्यकर्ता व मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझ जैसे गरीब साधारण किसान के बेटे पर भरोसा जताया और सांसद बनाया है।बस्तर लोकसभा सदस्य के रूप में प्रतिनिधित्व करते हुए बस्तर के विकास हेतु देश के लोकतंत्र के सबसे बड़ी मंदिर संसद तक बस्तरवासियों की आवाज को सशक्त और सक्रियता के साथ पहुंचाऊंगा। विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि पुनः मोदी और भाजपा पर भरोसा जताकर जनता ने जो आशीर्वाद दिया है, उसके लिये क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। अब दंतेवाड़ा के पास डबल इंजन की सरकार है, जो कमी बस्तर से रह गयी थी, वो पूरी करके जनता ने बस्तर लोकसभा के लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप को विजयी बनाकर आशीर्वाद दिया है। अब क्षेत्र का विकास डबल इंजन होने के कारण तीव्रगति से होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### तपती गर्मी में विद्युत विभाग के अधिकारियों को गेट में बुलाकर जनता ने मांगा जवाब

# विद्युत विभाग को व्यवस्था सुधारने सात दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तय कार्यक्रम अनुसार बुधवार को जनता अपने सवालों को लेकर विद्युत विभाग मुख्य कार्यालय, मुख्य अभियंता व अन्य अधिकारियों से मिलने पहुंची। इस दौरान जैसे ही लोग मुख्य कार्यालय पहुंचें वहां पहले ही पुलिस पहुंच चुकी थी जो लोगों को अंदर ऑफिस में चलकर अधिकारियों के समक्ष आराम से बैठकर बात करने पर जोर दे रही थी। लेकिन लोगों ने अधिकारियों को एयर कंडीशनर रूम से बाहर गेट में आने को कहा। उसके बाद एक एक करके समस्त समस्याएं मुख्य अभियंता के समक्ष रखी जिस पर अधिकारीगण गोलमोल जवाब देते ही नजर आये। चर्चा के दौरान कई बार गहमागहमी का माहौल भी बना। एक घंटे की चर्चा उपरांत लोगों को हो रही समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देकर सात दिवस में जवाब मांगा गया। चर्चा के दौरान विभाग के अधिकारियों ने कहा कि लोगों में जागरूता की कमी है, इस पर लोगों ने पूछा आपने कितने जागरूकता कार्यक्रम अब तक किए हैं। पब्लिक वॉइस ने बताया कि विभाग की ओर से कहा गया कि अभी तीन-चार माह ऐसी ही बिजली की आंखमिचौली चलती रहेगी क्योंकि केबल शिफ्टिंग ⏭ शेष पेज 10 पर

- विद्युत विभाग के आपसी समन्वय की कमी से हो रही अधिक समस्या



### समस्या का समाधान नहीं होने पर घेराव की चेतावनी

जनता ने पूछा बिजली की अप डाउन और लो वोल्टेज की वजह से जो नुकसान हुआ है उसका हर्जाना किससे लेना है। इस पर अधिकारी बोलें हम आज ही बैठक करेंगे और व्यवस्था टाइट करने का प्रयास करेंगे। पब्लिक वाइस ने का कि कुल मिलाकर विभाग पल्ला झाड़ते ही दिखा, इस पर वहां पहुंचे लोगों ने कहा कि यदि सात दिनों भीतर कोई सकारात्मक जवाब नहीं आता है तो अगली बार बड़ी संख्या में लोग कार्यालय का घेराव करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान वासुदेव राव, नवीन मूलचंदानी, मदन कोटवानी, अभिजीत नायडू, संजय चंदा, लखपाल सिंह, गणेश राव, बबला यादव, गोपाल तीर्थानि, धीरेंद्र पात्र, नरेंद्र पांडेय, रंगाधर बाघ, रोहित सिंह आर्य समेत पब्लिक वॉइस के सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप



### गुणवत्ता जांच के लिए दो कृषि केन्द्रों से लिए गए बीज और उर्वरक के 11 नमूने

**कोण्डागांव।** आगामी खरीफ कृषि वर्ष 2024–25 को देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि, कल्चर इत्यादि की उपलब्धता के लिए जिले के विकासखण्डों के सहकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का नमूना लेकर गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार कृषि सामग्री उपलब्ध कराने वाले व्यवसायिक केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को कृषि विभाग के उप संचालक डीपी तांडे के मार्गदर्शन में फरसगांव विकासखण्ड के बोरगांव स्थित जय गुरुदेव कृषि केन्द्र और दुर्गा कृषि केन्द्र से धानबीज के 6 नमूने तथा कोंडागांव स्थित सुहाने एग्रो इंडिया से उर्वरक के 6 के नमूने परीक्षण के लिए गए। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले से धान एवं अन्य फसलों के 102 नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए हैं।

### 4 वाहनों पर लगाया गया 9500 रुपए का जुर्माना



**कोण्डागांव।** नियमों की अनदेखी करते हुए मुसाफिरों की जान से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज राष्ट्रीय राजमार्ग के पास वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना फिटनेस या लायसेंस के वाहन चलाने वालों के साथ ही क्षमता से अधिक सामान का परिवहन करने वाले और मालवाहक वाहनों में सवारी बिठाकर ले जाने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग द्वारा ऐसे 4 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 9500 रुपए का जुर्माना लगाया और नियमानुसार वाहन चलाने की चेतावनी दी।

### नाला में डूबने से युवक की मौत

**धमतरी।** सुतई निकालने गए युवक की नाला के पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीपारा निवासी प्रेमसिंग कोडोपी पिता सुखदेव उम्र 39 वर्ष खेती व मजदूरी का काम करता था। कभी-कभी युवक नदी में मछली पकड़ने भी जाता था। सोमवार की सुबह युवक माड़मसिल्ली व गंगरेल को जोड़ने वाली सेन्दूर नदी से लगे हुए जामपानी नाला में घोंघा प्रजाति का सुतई निकालने गया था। युवक नाला में उतरकर सुतई निकाल रहा था। इस दौरान युवक गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया। दोपहर 12 बजे घटना की जानकारी होने पर केरेगांव पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर पंचनामा की कार्रवाई कर परिजनों का बयान दर्ज किया। तत्पश्चात शाम को शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शाम हो जाने के कारण सोमवार को पोस्टमार्टम नहीं हो पाने से शव को सुरक्षित मर्च्यूरी में रख दिया गया। मंगलवार को केरेगांव पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### गायत्री मिशन ने कोड़ेबोड़ में की साफ-सफाई

**अंवरी।** गायत्री मिशन से जुड़े लोगों ने ग्राम कोड़ेबोड़ में साफ-सफाई की। गांव के चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों में सफाई अभियान चलाया गया और लोगों को संदेश दियागया कि स्वच्छ रहने से हमारे आसपास बीमारी नहीं फैलेगी। आगे कहा कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास की जगहों की साफ-सफाई रखें। कचरा स्वयं साफ करें न कि दूसरों पर निर्भर रहे।

**आयोजन :** परिवार न्यायालय भवन परिसर में लगाएं गए पौधे, लोगों का किया गया अधिकृत

# कोंडागांव में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व कर्मियों द्वारा पौधारोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिवार न्यायालय भवन परिसर कोण्डागांव में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं कर्मियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में श्रीमती प्रिंशिला पॉल होरो, जिला अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव एवं कुद्र गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव व समस्त अधिवक्ता, कर्मियों द्वारा परिवार न्यायालय परिसर में बारी – बारी से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया गया। प्रत्येक पौधे को एकत्र कर नाम देकर अधिकृत किया गया।




### विधिक जागरुकता शिविर का भी आयोजन

इसी दौरान उपस्थित जनसमूहों को पर्यावरण की महत्वता को बताते हुए उसके संबंध में बने कानून की बिन्दूवार जानकारी देकर विधिक जागरुकता शिविर भी सम्पन्न कराया गया। पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं ऐसे में पेड़ पौधे, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ इत्यादि के महत्व को समझने के लिए जागरूक किया गया। उल्लेखनीय है कि उत्तरा कुमार कश्यप जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में पूरे माह पृथक – पृथक जगहों पर पौधारोपण किया जाएगा।

## जिले में लोगों को मिलेंगे निःशुल्क पौधे




नगर में हरियाली के लिए लोगों को निःशुल्क पौधे बांटने का कार्य शुरू हो गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला कार्यालय परिसर में विविध प्रजातियों के पौधों से भरे वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कोंडागांव दक्षिण वन मंडल के वन मंडलाधिकारी आरके जांगड़े, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अविनाश भोई उपस्थित थे। वन विभाग की 'पौधा तुंहर द्वार' योजना के तहत कोंडागांव जिले के घरों तक निःशुल्क पौधा पहुंचाकर दिया जाएगा।

यह योजना लगभग डेढ़ माह तक चलेगी, जिसमें आंवला, मुनगा, नीबू, गंगा ईमली, काजू, सीताफल, अमरूद एवं आम आदि प्रजाति के पौधों को आम जनों को मांग मुताबिक पौधों को घर, दुकान, आफिस या किसी भी जगह पहुंचाकर पौधारोपण करने के लिए निःशुल्क दिया जाएगा। इस योजना के तहत फ्री में पौधा पाने के लिए लोगों को वन विभाग के दफ्तर तक आने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी क्योंकि बल्कि इस योजना के तहत 7587014628 पर संपर्क करना होगा। जिसके बाद विभाग 2 से 3 दिन के भीतर पौधा लेकर सीधे घर पहुंचेगा। इस योजना के तहत एक व्यक्ति एक बार में ज्यादा से ज्यादा 5 पौधे की मांग कर सकता है। पांच से अधिक पौधों की मांग पर कोपाबेड़ा और कुम्हारपारा स्थित रोपणी से संपर्क कर पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, वन मंडलाधिकारी रमेश कुमार, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने जिला कार्यालय परिसर में पौधों का रोपण भी किया।

## शासकीय विद्यालय मडानार में चला स्वच्छता अभियान



विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर शासकीय विद्यालय मडानार के शिक्षक शिवचरण साहू और बच्चों ने अपने विद्यालय परिसर में पौधों की रखवाली के साथ स्वच्छता कार्यक्रम चला कर अपने आसपास के परिवेश में पौधारोपण के साथ संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जिले के इस विद्यालय के ईको क्लब और बाल संसद के बच्चों द्वारा सालभर अपने विद्यालय के बागवानी और पेड़ पौधों की देखभाल की जाती है। अलग अलग समय पर फूलों की बागवानी किया जाता है। वर्तमान में कमलककड़ी की रोपण विद्यालय परिसर में किया गया है। जिसमें सुंदर पुष्प निकल रहे हैं जो आकर्षण का केंद्र है।




## वन विभाग ने लगाए पौधे संरक्षण का लिया संकल्प

**फरसगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 5 जून बुधवार को वनमण्डल केशकाल अन्तर्गत उपवनमंडल फरसगांव परिक्षेत्र फरसगांव के ग्राम पंचायत चिचाड़ी में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, सचिव, ग्राम प्रमुख गायता पुजारी पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों की उपस्तिथी में ग्राम चिचाड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत परिसर में माध्यमिक शाला प्रांगण में फलदार-फूलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण ली। आमजनों को पर्यावरण संरक्षण एवं महत्वों के बारे में जागृत किया गया । इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी आर एस यादव , बाबू डेवेन्द्र साहू , डिप्टी रेंजर निराकार ठाकुर, सुशीला नेताम , संध्या नाग , यशवंत नायक , डोमार नेताम , अनिल मरकाम , फारेस्ट गार्ड, महेन्द्र मंडावी ,सरिता मरकाम, रामसूरज कोराम , श्रवण नेताम , हरिलाल नेताम , तेनसिंग भोयर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

## 188वीं वाहिनी, सीआरपीएफ मुख्यालय चिकलपुटटी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन




आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ मुख्यालय चिकलपुटटी कोण्डागाँव द्वारा कैंप परिसर में कमाण्डेन्ट भावेश चौधरी–188वीं वाहिनी के नेतृत्व में कैंप परिसर व आसपास पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वाहिनी की सभी कंपनियों द्वारा संबधित कैम्प व इलाकों में मिशन लाइफ जागरुकता अभियान के तहत पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए शपथ भी ली गई। पर्यावरण दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ के बारे में सभी कार्मिकों को जागरुक किया गया। विभिन्न प्रकार के फलदार ,छायादार एवं औषधीयुक्त पौधों का पौधारोपण किया गया। आज पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हु 100 पौधों का रोपण किया गया। यह पौधारोपण अगले कुछ सप्ताह तक जारी रहेगा । इस मौके पर वाहिनी के कमाण्डेंट भावेश चौधरी ने सभी जवानो को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। जवानों को पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए बताया गया। पौधारोपण के कार्यक्रम में सीआरपीएफ 188 वाहिनी के अधिकारी युद्धवीर सिंह टोकस उप कमाण्डेन्ट, कमल सिंह मीना उप कमाण्डेन्ट एवं ओमप्रकाश बिश्नोई सहा. कमाण्डेन्ट व सीआरपीएफ 188 वाहिनी के सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे और सभी ने पौधारोपण किया।

## क्षेत्र के अमृत सरोवरों में किया गया पौधारोपण

**फरसगांव।** विश्व पर्यवरण दिवस के अवसर पर बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएल चुरेन्द्र के मार्गदर्शन में विकासखण्ड फरसगांव के अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर स्थलों को स्थायी प्रतीक के रूप में आदर्श संरचना मानते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समस्त अमृत सरोवर स्थलों पर फलदार पौधे आम, बरगद, नींबू, नीम,




पीपल, कटहल, काजू, अमरूद लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारी प्रदान कर मानव जीवन में पौधे का महत्त्व बताया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच, सचिव, ग्रामीणजन एवं छतीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत संचालित कलस्टर संगठन, ग्राम संगठन एवं स्व सहायता समूहों के सदस्यों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## पेज 9 के शेष

### ज्यादा से ज्यादा ....

तथा सामाजिक वानिकी के वन परिक्षेत्र अधिकारी जितेंद्र शर्मा के सहयोग से नगर से 9 किमी दूर बालीकोंटा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पीछे और इंद्रावती नदी के किनारे भूमि कटाव रोकने के उद्देश्य से 200 अर्जुन पौधों का रोपण किया। ज्ञात हो कि नदी किनारे के पेड़ों की अत्यधिक कटाई के चलते नदी का पाट चौड़ा हो रहा है और मिट्टी का क्षरण बढ़ा है। बुधवार सुबह 7 बजे इंद्रावती बचाओ अभियान के लगभग 100 सदस्य नदी तट पहुंचे। अर्जुन पौधों का रोपण कर इंद्रावती को बचाने के अपने वचन को दोहराया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ वन्यजीव बोर्ड के सदस्य हेमंत कश्यप, बस्तर प्रकृति बचाओ समिति के अध्यक्ष दशरथ कश्यप, इंद्रावती बचाओ अभियान के संयोजक किशोर पारेख, ग्राम पंचायत वाले बाली कोंटा की सरपंच फुलमती कश्यप, बालीकोंटा के पंच- ग्रामीण तथा सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सिर्फ पौधे ना ...

योगदान होना चाहिए। इस दौरान आम, अमरुद, काजू, नीम जैसे विविध पौधे लगाते हुए उपस्थित शिक्षकों, अधिकारी-कर्मचारी और छात्रों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर कुलसचिव अभिषेक बाजपेयी, सहायक कुलसचिव देव चरण गावड़े, केआर ठाकुर, ग्रंथपाल डॉ. संजय डोंगरे, डॉ. निलेश तिवारी, डॉ. भूपेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. रानी मैथ्यू आदि मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस ...

जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार लाभ होते हैं। इसलिए सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

### कवासी लखमा ...

भाजपा के कब्जे में थी। इधर करीब 5 महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने प्रदेश में जीत दर्ज की। इसके साथ ही जगदलपुर के कद्दावर नेता किरण सिंह देव को पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष के पद से नवाजा। उन्होंने एक बार फिर यह सीट भाजपा की झोली में वापस डाल दी। इस तरह कोंटा में भाजपा को मिली जीत के पीछे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह की अहम भूमिका है।

### पाकिस्तानी नबंर ...

एएसपी महेश्वर नाग, एसडीओपी घनश्याम कामडे के मार्गदर्शन व सायबर सेल डीएसपी गीतिका साहू के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर मामलों की जांच की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना भानपुरी क्षेत्र में प्रार्थिया से 4.93 लाख रूपए की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आरोपियों की गिरफ्तार करने में निरीक्षक शिवानंद सिंह व गौरव तिवारी के अलावा प्रधान आरक्षक विनोद नेताम, मौसम गुप्ता, आरक्षक रवि कुमार, भुपेन्द्र नेताम, अन्जय बंजारे व दीपक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कनाडा से सामान भेज रहा हूं कहकर किया गया फ्रॉड : टेलीफ्रॉड के पहले मामले में प्रार्थिया फुलमनी नाग पति भुनेश्वर नाग 29 वर्ष निवासी मधोता, डोगरीगुड़ापारा थाना भानपुरी के पास 11 अप्रेल की रात मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 3056870481 से कॉल किया और बोला कि कनाडा से बोल रहा हूँ। उसने आईफोन व दस लाख रुपए पार्सल मे भेजने का लालच देकर फोन पे पर अलग-अलग तरीको से कुल 4 लाख 93 हजार 200 रुपए लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420, 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर निरीक्षक शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर सायबर सेल के मदद से आरोपी को घेराबंदी कर पटना से पकड़ा गया।

### विद्युत विभाग को....

का काम किया जाना है। लोगों ने पूछा मेंटेनेंस के नाम पर बिजली जाती है पर उसका को असर नहीं दिखता इस पर जवाब आया यथासंभव प्रयास हो रहा है। लोगों ने पूछा कि लाइट जाते ही विभाग का हेल्प लाइन नंबर पर भी फोन नहीं लगता और तो और विभाग ने जो व्हाट्सएप ग्रुप बनाये हैं वो भी एडमिन ओनली है। हम अपनी समस्या कहा बतायें और किससे पूछे, इस पर विभाग ने कहा कि इस व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाएगा।

### बुलडोजर में चढ़कर ....

कालेज से लेकर मां दंतेश्वरी मंदिर तक उनका स्वागत करना सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। जगह जगह महेश कश्यप के स्वागत में हरी साहू ने उनको लड्डू वा मिठाइयों से तौला गया। उत्साह का यह माहौल रात 2 बजे उपरांत चलता रहा। स्वागत करने वालों में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी वा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। उनमें कैलाश ठाकुर, घनश्याम नाग, कैलाश देवांगन, घनपति बघेल, वीरेंद्र कछ, निलंबर सेठिया, सुभाष देवांगन, पांडुराम नाग, सुखमन, गणेश, लखन बघेल, होमेस राठौड़, सुरेंद्र, सुंदर प्रसाद, मुन्ना बजरंगी एवं बड़ी संख्या में माता, बहने शामिल हुए।

# निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवाओं को कराया घूमर पिकनिक स्पॉट का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निःशुल्क भर्ती पूर्व सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर ब्लाक इकाई फरसगांव में पिछले तीन महीनों से युवा लगातार ट्रेनिंग में भाग ले रहे हैं। लगातार प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बनें रहें इस उद्देश्य से ग्राम बानगांव के पिकनिक स्पॉट घूमर मेंपूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लाक फरसगांव सचिव रिकेश कुमार कुंवर, उपाध्यक्ष बलदेव नेताम और स्टेट बैंक में कार्यरत पूर्व सैनिक मनमोहन प्रसाद के साथ- साथ सेवारत सैनिक रूपेश कुमार, कमलेश नेताम और निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर से प्रशिक्षण लेकर बस्तर फाइटर में ज्वाइन सेवारत राजेश कुमार पांडे, हेमलाल मरकाम, सनत मरकाम द्वारा प्रशिक्षण शिविर में भाग ले 185 से अधिक प्रशिक्षणार्थी को भ्रमण कराया। पिकनिक के दौरान में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें मटका फोड़, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, एकल डांस, गायन, समूह गायन, कबड्डी में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । पिकनिक के दौरान निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों ने अनुशासित ढंग से एक दूसरे को मदद करते हुए नजर आए सभी बच्चों में एकजुटता दिखाई दी। आयोजन में भाग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए पौष्टिक आहार व्यवस्था करने वाले फरसगांव नगर के हरीश कुमार, अभिषेक जयसवाल और स्टेट बैंक में कैशियर सुश्री कंचन मैडम, यशोदा मरकाम, नरेश कुमार पुरोहित, ग़रीब साय मरकाम सहित अन्य कार्यक्रम में मौजूद रहे।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi




भारती ग्रुप पिछले 27 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

## Law

- B.A. LLB • B.Com LLB
- LLB • LLM

## Engineering

M. Tech. / B.Tech.

Polytechnic

- Civil • CSE • ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

## Journalism

- MAJMC • BAJMC

## Hotel Manegement

- MHM • BHM

## Animation & Visual Effects

- B.Sc. • M.Sc.

## Pharmacy

- D. Pharma • B. Pharma
- M. Pharma • Ph.D.

## Arts/ Science/ Commerce

- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- Forensic Science / Food & Nutrition
- DCA • PGDCA • DSW
- MBA • MPH

New Course
Approved by AICTE
- BBA • BCA

- B.A./B.Sc./ B.Com.
- B.A./B.Sc./ B.Com. (Hons)

} As per NEP 2020

- M.A./M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW • MSW • B.Stat.
- M.Stat. • BRS • MRS

## Library

- M.Lib • B.Lib • D.Lib

## Education

- D.El.Ed. • B.Ed
- M.Ed

## Diploma Courses

- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition and Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

## Film Making

- B.A. • M.A.

**Ph.D. Available in all Subjects**

- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery • B.Sc. (Nursing)

Affiliated to Ayush University, Raipur

- B.Tech. Agri. • B.Sc. Agri.

Affiliated to IGKV, Raipur

Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.

पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाता है...

Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development

## TOP RECRUITERS

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH PVT. LTD. · TATA CONSULTANCY SERVICES · L & T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

www.bhartiuniversity.org ✉ bhartiuniversity.in@gmail.com ✆ : 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

## खबर संक्षेप

### मानवविज्ञान संग्रहालय एक माह के लिए बंद

**जगदलपुर।** भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, उप क्षेत्रीय केंद्र जगदलपुर परिसर में एक नया संग्रहालय-सह-कार्यालय और ऑडिटोरियम भवन का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। संग्रहालय प्रादर्शों को अस्थाई शेड में स्थापित किया जाएगा। 4 जून से संग्रहालय सभी आंगतुकों के लिए लगभग एक माह के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। कार्यालय अध्यक्ष डॉ. पीयूष रंजन साहू ने इस बारे में बताया कि संग्रहालय प्रादर्शों को अस्थाई शेड में व्यवस्थित करने के उपरांत संग्रहालय आंगतुकों के अवलोकन करने के लिए पुनः आरंभ किया जाएगा।

### पर्यावरण दिवस पर 300 पौधों का किया रोपण



**भोंड।** विकासखण्ड बस्तर के प्राथमिक शाला मांझीगुड़ा के शाला प्रबंधन विकास समिति के आह्वान पर तालुर से सेमलनार मार्ग के जंगल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत तालुर, गायत्री परिवार शिक्षक समुदाय, बालक-पालक के तरफ से गायत्री मंत्र के साथ लग-भग 300 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें इमली, जामुन, बेल, बेलती, महुवा, अर्जुन, बेहड़ा, लिम बन बादाम, आम, काजू आदि पौधें शामिल है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, पंच, शिक्षक, नारायण लाल साहू, राकेश शर्मा, जितेंद्र सोरी, दनेश्वरी, गायत्री परिवार से वेदमती ध्रुव, कमल नाग, मनी भैयालंकेर, सुबर्धन, लखीराम फुलदास, अन्तराम, जगनाथ, स्कूली छात्र-छात्रा समेत बेसरपाल व सेमलनार से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### सीआरपीएफ ने रोपे विभिन्न प्रजाति के 200 पौधे



**बस्तर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एफ/188वीं वाहिनी केरिपुबल पुसपालघाट बस्तर में भवेश चौधरी कमाण्डेन्ट 188 बटालियन केरिपुबल के निर्देशन में बस्तर के सुदूरवर्ती नक्सलग्रस्त क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कम्पनी कमान्डर बन्नाराम एवं एफ/188 बटालियन के अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों द्वारा कैम्प परिसर के चारों तरफ पौधा रोपण किया गया। जिसमें विभिन्न प्रजाति के लगभग 200 पौधे लगाए गए। एफ/188वीं वाहिनी अपने कार्य क्षेत्र में परिचालनिक (ऑप्स) कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को जागरूक करने, युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समय-समय पर भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है। इस अवसर पर कम्पनी कमान्डर बन्नाराम ने वृक्षारोपण के महत्व को समझाया तथा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर प्रकृति का संरक्षण करने की वचनवद्धता दिलाई। साथ ही वृक्ष ही जीवन का नारा दिया और बताया पेड़ प्रकृति की अनुपम देन है। इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है।

# पौधों-पेड़ों का संरक्षण व पर्यावरण को हराभरा बनाए रखें : सीसीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ पर्यावरण को बचाने पेड़ों के महत्व समझे व पौधे लगाएं : कलेक्टर

बस्तर वनमंडल की ओर से बुधवार को आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बादाम के पौधे, कलेक्टर विजय दयाराम के ने आम के पौधे, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने जामुन के पौधे, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने नीम के पौधे, वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने आम के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएफ श्री दुग्गा ने कहा कि वन है तो जल है, जल है तो कल है, इसके लिए हमें अधिक-अधिक पेड़ लगाने है, पौधों-पेड़ों का संरक्षण करना है ताकि पर्यावरण को हराभरा बनाए रखें। उन्होंने पेड़ों के महत्व को बताया कि पेड़ के आसपास अन्य जगह से चार डिग्री तापमान की कमी रहती है, इसके अलावा वायु, ध्वनि प्रदूषण को रोकने में अहम भूमिका निभाती है। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि हम ईको फ्रेंडली के रूप में पैदा हुए और जीवन को बेहतर करने के लिए पर्यावरण का अपने हिसाब से उपयोग किए। पर्यावरण को नुकसान भी हुआ, इस नुकसान की भरपाई के लिए सभी अपने स्तर पर प्रयास करते है। ईको फ्रेंडली को बढ़ावा दे कर आने वाले भावी पीढ़ी हेतु पर्यावरण को बचाने के लिए हमे पेड़ों के महत्व को समझना होगा और अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। कार्यक्रम में प्रशिक्षु भावसे अधिकारी वेंकटेशा एमजी., वन विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा, एसडीओ आईपी बंजारे, एसडीओ चित्रकूट योगेश कुमार रात्रे, डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नवीन बोथरा, समस्त रेंजर बस्तर वन मण्डल, छात्र, छात्राओं एवं अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।







### शहर में निकली मोटर साइकिल रैली

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक श्री दुग्गा एवं वन मंडलाधिकारी श्री गुप्ता निर्देशन में मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। मोटर साइकिल रैली वन मंडल कार्यालय से प्रारंभ होकर सिरहासार चौक, लालबाग मैदान, हाटगुड़ा से आड़ावाल चौक, सेमरा चौक, कुरंदी, बिलोरी, लामनी, बोधघाट, नया बस स्टैंड होते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार जगदलपुर में समाप्त हुआ। मोटर साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा वनों की अवैध कटाई की रोकथाम कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना था।

### प्रतिभागियों को किया सम्मान

टाउन हाल के कार्यक्रम में बच्चों ने फैंसी ड्रेस में पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची स्वाई, द्वितीय मीनाक्षी राय, तृतीय दीक्षा सुराना, चित्रकला जूनियर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्चित जैन, द्वितीय पी. गनिष्ट, तृतीय हिमिका गुप्ता, चित्रकला सीनियर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा ठाकुर, द्वितीय प्रियांशु उमरवैश्य, तृतीय रिशेक पूनम एवम रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशुतोष दास, द्वितीय सपना एवम तृतीय लिसा सोनी एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्चित जैन को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया।



# शैक्षणिक संस्थानों में मना पर्यावरण दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के 17 पोटाकेबिन, 13 पोटाकेबिन हाई स्कूल छात्रावास, 5 केजीबीवी, नन्हे परिंदे पातररास, आस्था विद्यालय मंदिर जावंगा, छू लो आसमान, सक्षम सहित अन्य आश्रम छात्रावासों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सघन वृक्षारोपण किया गया। ज्ञात हो कि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा जिले के सभी पोटा केबिन, केजीबीवी आश्रम, छात्रावासों में पौधरोपण के निर्देश दिये गये थे। जिसके तहत जिले के कार्यालय परिसरों, स्कूल, आश्रमों एवं छात्रावासों में पौध रोपण किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्ता ने कहा कि आज हम जो पौध रोपण कर रहे है, वो हमें आने वाले कल में फल, छाया देगा एवं आज जो हम भीषण गर्मी की मार झेल रहे उससे राहत देगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर हम सभी को आगे आकर पौधे लगाना चाहिए। व्यापक पौधरोपण के माध्यम से ही पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है।

## कर्मियों ने रोपे 50 पौधे

इसके अलावा आज कार्यालय नगर पंचायत गीदम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 14 में स्थित गौठान में नगर पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के तहत नगर पंचायत कर्मचारियों ने सीताफल, नीम, आम, आंवला, नींबू के 50 पौधे रोपित किये। इस दौरान मुख्य नगर पंचायत अधिकारी बीपी ध्रुव ने बताया कि बढ़ते गर्मी को देखते हुए पौधा रोपण करना बहुत ही आवश्यक है, जिससे गर्म ताप को कम किया जा सकता है और पेड़ पौधे हमारे जीवन में अधिक से अधिक कार्य में काम आते है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि घरों के आस-पास अधिक से अधिक पौधे लगाए। इस अवसर पर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी बीपी ध्रुव, उपअभियंता मुकेश कुमार कोर्राम, सहायक ग्रेड 3 अंकित जैन, मिशन मैनेजर संजू निर्मलकर, राम लखन पटेल, रतन यादव एवं समस्त नगर पंचायत गीदम एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा उक्त स्थल में पौधारोपण किया गया। साथ ही लगाए गए पौधों की देख रेख की जिम्मेदारी ली गई।



### विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स ने किया वृक्षारोपण



दंतेवाड़ा। अध्यक्ष जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा के पैरालीगल वालिंटियर्स के द्वारा आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में वृक्षारोपण करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के जन समुदाय को पर्यावरण का महत्व, वृक्षारोपण की आवश्यकता एवं पर्यावरण संरक्षण कानूनों के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही साथ निःशुल्क विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपूर्वा डांगी द्वारा भी पौधा रोपित किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों ने रोपित किये गए पौधों की संरक्षण की शपथ ली।

# यूथ एवं इको क्लब के बच्चों की सराहनीय पहल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

■ ग्रीष्मावकाश में भी नियमित रूप से की पौधों की देखभाल

विकासखण्ड बस्तर अन्तर्गत माध्यमिक शाला कुड़कानार के यूथ एवं इको क्लब के बच्चे स्कूल के अंदर पौधों की देखभाल, पौधे लगाना एवं नियमित पानी डालने का भी काम स्वप्रेरित होकर कर रहे हैं। एक तरफ भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अधिक तापमान होने के बावजूद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुड़कानार के स्कूल प्रांगण में लगे पेड़ पौधे हरे-भरे दिखाई दे रहे हैं। इसका मुख्य कारण यूथ एवं इको क्लब के बच्चे हैं। जो ग्रीष्मावकाश में भी नियमित रूप से पौधों की देखभाल कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि हरे-भरे पौधे दिखाई दे रहे हैं। प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने बताया कि पेड़-पौधों की देख भाल करने का निर्णय बच्चों ने स्वस्फूर्त लिया है। जिस दिन इन बच्चों की तरह सभी लोग स्कूल को अपना मान लें, उस दिन स्कूलों की तस्वीर बदल जाएगी। बच्चों की इस पहल की संकुल प्राचार्या सईदा खान एवं संकुल समन्वयक अजम्बर कोर्राम ने सराहना की है। साथ ही सभी स्कूलों में यूथ एवं इको क्लब को सक्रिय करने को कहा है।

### वन विद्यालय में रोपण किया रुद्राक्ष के पौधे पर्यावरण के लिए समर्पित यूथ हॉस्टल




**जगदलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान एवं यूथ हॉस्टल की टीम ने इस वर्ष के होने वाले वृक्षारोपण के कार्यक्रम का प्रारंभ किया। इस अवसर पर वन विद्यालय के शिव मंदिर के प्रांगण में रुद्राक्ष के पौधे लगाए गए, पौधों को सुरक्षित रखने तथा खाद पानी देने की जवाबदारी वन विद्यालय में ट्रेनिंग के लिए आए वन कर्मियों ने ली। इस अवसर पर बस्तर यूथ हॉस्टल के संरक्षक, कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह, वन विद्यालय की संचालक श्रीमती दिव्या गौतम, अनिल लुंकड़, शंकर लाल गुप्ता, विधु शेखर झा, शिवरतन खत्री, अनिल अग्रवाल, सुभाष श्रीवास्तव, मनीष मूलचंदानी, रामनरेश पांडे, वन विद्यालय के आरएस कुशवाहा सहित समस्त वन विद्यालय की टीम मौजूद रही। यूथ हॉस्टल बस्तर के पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी समर्पित रहेगा तथा बस्तर के समस्त पर्यटक स्थल को विश्व के मानचित्र में एक अच्छी पहचान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नगर पालिका के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया पौधरोपण



**किरंदुल।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद किरंदुल के द्वारा मणिकंचन केंद्र एवं वार्ड नंबर 18 में स्थित गौठान में विभिन्न प्रजातियों के 100 फलदार पौधों का रोपण किया गया। जिसमें नगर के प्रथम नागरिक अर्थात नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, पार्षद राजू कुंजाम, दिनेश प्रसाद, इला पटेल, गायत्री साहू, उप अभियंता टीआर सिन्हा, लेखापाल विनीत साव, सहायक राजस्व निरीक्षक डीएस साहू, गौरी शंकर तिवारी, नरेश साहू, मनराखन ठाकुर, सुमंत पटेल, मिलिंद पीआईयू, मनीषा ठाकुर एवं नगर पालिका स्टाफ समेत समस्त स्वच्छता दीदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने कहा कि विकास के नाम पर वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और बेलगाम बढ़ती जनसंख्या से धरती पर पर्यावरण संकट बढ़ता जा रहा है। सरकारों को जितना हरियाली के लिए प्रयास करना चाहिए था, उतना नहीं हुआ है। पर्यावरण दिवस की सराहना करते हुए कहा कि सभी युवा अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण में आगे आएं, तभी पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विकास की दौड़ में कहीं न कहीं हम सभी प्रकृति की उपेक्षा कर रहे हैं, जिसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना पड़ रहा है, इसे संरक्षित करना होगा। भारतीय संस्कृति में पेड़, पौधे, नदी आदि पर्यावरण से संबंधित प्राकृतिक संसाधनों की पूजा की जाती है। इसके पीछे इन सभी का महत्व समझने का संदेश छिपा होता है। उन्होंने युवा वर्ग से आह्वान किया है कि सभी पौधारोपण के लिए आगे आएं और नवां शहर को हरा-भरा बनाएं।

# अमृत सरोवर में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के अमृत सरोवरों में पौधरोपण कर आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत आयोजित किए गए इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधि, समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी देते हुए पौधा रोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में 5 से 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का उद्देश्य हमारे गांवों में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। 5 से 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह अंतर्गत गांवों को उपयुक्त स्थानों की पहचान करने और वर्षा जल का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने के लिए सोखने वाले गड्ढों का निर्माण करने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाएगा। गांवों को जैविक कचरे के प्रबंधन और मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए वर्मी कम्पोस्टिंग पिट, नाडेप पिट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना है।

### महेश के गांव कलचा में समर्थकों ने मनाया जीत का जश्न

**जगदलपुर।** सांसद निर्वाचित हुए महेश कश्यप के गृहग्राम कलचा में सुबह से ही समर्थकों और पार्टी के कार्यकर्ताओं का आना शुरू हो गया था। दोपहर बाद जब बढ़त का आंकड़ा सामने आने लगा तो लोगों ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। सरपंच से सीधे सांसद बनने पर लोगों ने महेश के साथ-साथ उनके परिवार के लोगों को भी जीत की बधाई दी और आशा जताया कि इस गांव की समस्याओं के साथ-साथ पूरे बस्तर के समस्याओं का निराकरण होगा। जमीन से उठे महेश कश्यप को गरीबी और लोगों का दुख दर्द मालूम है इसलिए वे सभी को साथ लेकर क्षेत्र का विकास करेंगे। बीजापुर जिले से पहुंचे भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी महेश कश्यप के पैतृक गांव कलचा, झारनीगुड़ा, पहुंच कर जीत की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि सरपंच से राजनीति की शुरूवात करने वाले गरीब परिवार के आदिवासी ग्रामीण को पार्टी ने टिकट दी। आदिवासियों के प्रति काफी साल से वे समर्पित होकर उनके अधिकार और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए काम करते आ रहे हैं। इसलिए बस्तर की जनता ने उन्हें सांसद बनाया है। गांव पहुंचे सभी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने महेश कश्यप को शुभकामनाएं देते सांसद के रूप में सफल होने की कामना की।






